# शहर में स्वच्छता के लिये कार्ययोजना बनाकर कार्य करें-विशेष सचिव नगरीय प्रशासन अलरमेल मंगई डी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास श्रीमती अलरमेल मंगई डी ने आज यहां नगर पालिक निगम रायगढ़ के सभाकक्ष में अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, वार्ड, अधोसंरचना, जन शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सहित अन्य मुद्दों की समीक्षा की।

## नगर निगम के कार्यों की समीक्षा





विशेष सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास श्रीमती मंगई डी ने कहा कि शहर की छवि नगर निगम के कार्यों से बनती है। शहर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई होनी चाहिए, इसके लिये समर्पण से कार्य करें। 15 दिन में साफ-सफाई के लिये कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने शहर में कचरा एकत्रित करने वाले केन्द्रों की जानकारी ली एवं घर-घर जाकर कचरा संग्रहण करने वाले महिला समूहों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वे अंतर्गत पर्सनल प्रोटेक्शन इक्विपमेंट के तहत कचरा संग्रह करने वालों को स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से मास्क एवं ग्लवस लगाना चाहिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर की एवं शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

उन्होंने अमृत मिशन योजना के तहत लोगों को पानी का कनेक्शन देने के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कनेक्शन मिलने पर टैंकर की जरूरत नहीं होगी। इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता से करायें। पानी सप्लाई से संबंधित हाइड्रो टेस्ट कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे और उनके कार्यों का तत्काल निराकरण करें, ताकि उन्हें भटकना न पड़े।

उन्होंने शहर में लगे एलईडी लाइट के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये गये आवासों में हितग्राहियों को स्थानान्तरित करने के संबंध में भी चर्चा की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता सहित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### टीवीएस एक्सल में कबाड़ ला रहा युवक को भूपदेवपुर पुलिस ने पकड़ा

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना भूपदेवपुर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम व हमराह स्टाफ द्वारा आज सुबह करीब 06:30 बजे टीवीएस एक्सल सीजी 13 एच 6215 में लोहे का एंगल करीब 1 क्विंटल (कीमती 3500 रूपये) को लोड कर ला रहे धमेन्द्र साहू पिता शम्भू साहू उम्र 30 वर्ष निवासी कबीर चौक रायगढ़ को देवरी चौक के पास पकड़े। मोपेड में लोड लोहे का एंगल चोरी होने के संदेह पर आरोपी धमेन्द्र साहू के विरूद्ध थाना भूपदेवपुर में इस्तगासा क्रमांक 06/19 धारा 41(1+4) सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही की गई है।

### धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जुटमिल पुलिस की टाऊन पेट्रोलिंग द्वारा श्रवण ढाबा के सामने सार्वजनिक रोड में मिलन दास महत पिता निर्मलदास महंत उम्र 30 वर्ष सा. श्रवण ढाबा पीछे दोरागा मुडा चौकी जूटमिल को एक धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किये। आरोपी मिलन दास महंत रोड में आने जाने वालों को चाकू दिखाकर डरा धमका रहा था। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली (चौकी जुटमिल) में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### पूर्व सीएम की डॉक्टर बहू को सांप ने काटा, हुई मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** अविभाजित मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल की बहू और जबलपुर के विक्टोरिया अस्पताल में पदस्थ डॉ.रचना शुक्ल की कार्डियेक अरेस्ट से मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक उन्हें 22 अक्टूबर को सांप ने पैर को काट लिया था। एक दिन वो अस्पताल में भर्ती रहीं और 23 अक्टूबर को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। सांप के काटने के बाद उन्हें एंटी वेनम इंजेक्शन नहीं लगाया गया था। शरीर में जहर फैलने के कारण उन्हें अटैक आया और मौत हो गयी। सर्पदंश को साधारण मानकर इलाज करना जानलेवा साबित हुआ।

### मुख्यमंत्री निवास में आज जनचैपाल : भेंट-मुलाकात कार्यक्रम स्थगित

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में आगामी 30 अक्टूबर बुधवार को आयोजित होने वाला 'जनचैपाल भेंट-मुलाकात' का कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### सांसद ज्योत्सना महंत की पहल पर करोड़ों की राशि स्वीकृत

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले के राताखार बाई पास पुल के एप्रोच रोड, हसदेव बराज के सड़क निर्माण सहित सरई श्रृंगार चौक का सड़क चौड़ीकरण व सड़क निर्माण के लिए कोरबा सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री ने जिला खनिज न्यास संस्थान से कराए जाने की स्वीकृति दी है इसके लिए सांसद ने आभार जताया है कोरबा जिले के प्रमुख समस्याओ को प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को ध्यान आकृष्ट कराने के क्रम में कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की पहल पर कोरबा के गेरवाघाट राताखार बाई पास सड़क निर्माण और राताखार ब्रिज का एप्रोच रोड के लिए 203.00 लाख व कोरबा हसदेव बराज सड़क मरम्मत के लिए 80.00 लाख के अलावा सरई श्रृंगार चौक का चौड़ीकरण व सड़क निर्माण के लिए 177.38 लाख की राशि जिला खनिज न्यास मद से कराए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। दीवाली के अवसर पर कोरबा सांसद की पहल पर जिले के प्रमुख समस्या को तत्काल प्रभाव से दूर किये जाने की प्रशासकीय पहल भी प्रारम्भ भी कर दी गई।

### इंदिरा गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि प्रदेश के सभी ब्लड बैंकों में लगेगा रक्तदान शिविर

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेशभर में इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर 31 अक्टूबर को विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत दिवस पर सभी जिलों में संचालित शासकीय व निजी ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविर लगेगा। छत्तीसगढ़ राज्य एडस कंट्रोल सोसायटी के अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ.एसके बिंझवार ने बताया, रक्तदान को लेकर सभी जिलों के सीएमएचओ और जिला अस्पतालों के सिविल सर्जन को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया , प्रदेश में एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पूरे माहभर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के तहत जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में महिने के आखरी दिन रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने राज्य सरकार ने इंदिरागांधी के पुण्यतिथि के मौके पर शिविर लगा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं और संस्थाओं को भी लोगों को जागरुक करने लिए कार्यक्रमों में शामिल किया जा रहा है। डॉ. बिझवार ने बताया, प्रदेश में 27 शासकीय और 58 निजी ब्लड बैंक संचालित किया जा रहा है। इंदिरा गांधी को राष्ट्र कभी नहीं भुला पाएगा। ऐसे में वह तारिख 31 अक्तूबर, 1984 ही वह तारीख थी, जब इंदिरा गांधी देश की एकता और अखंडता के लिए कुर्बान हो गई। जरुरत मंदों को समय पर रक्त मिल इसके लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाकर लोगों को प्रेरित करते हुए संदेश फैलाया जा रहा है।

## दूरस्थ अंचल ग्राम पारेमेर में लगा मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** धरमजयगढ़ विकास खण्ड के दूरस्थ अंचल ग्राम-पारेमेर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया और ग्रामवासियों को स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया गया। हाट बाजार करने आने वाले लोगों ने शिविर का लाभ उठा कर अपना निःशुल्क ईलाज करवाया और डाक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी ली।

## बलवा के मामले में चार फरार आरोपी गिरफ्तार, रिमांड बाद जेल दाखिल किये गये

लगातार


पुरानी रंजिश को लेकर दो परिवारों के बीच मारपीट

दैनिक न्याय साक्षी में दिनांक 08 व 09 अक्टूबर को प्रकाशित किया गया था...




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नवरात्रि पर्व दौरान थाना कोतवाली अन्तर्गत दरोगापारा जयराम कॉलोनी में दो परिवारों के बीच मारपीट, बलवा में थाना कोतवाली में दर्ज अपराध क्रमांक 868,869/19 धारा 294,506,323,147,148,149,307 आईपीएस में अपराध क्रमांक 869/19 के फरार आरोपी (1) कुलदीप नर्सिंग पिता कपिल नरसिंह उम्र 33 साल (2) अखिलेश नरसिंह पिता केवल नरसिंह 26 साल (3) गोविंदा शेट्टी पिता व्हेन गोपाल शेट्टी 29 साल (4) आदित्य शुक्ला उर्फ चाहत पिता अरुण शुक्ला उम्र 29 साल सभी निवासी काली मंदिर स्टेशन क्रॉसिंग पीछे रायगढ़ थाना कोतवाली को आज दिनांक 29.10.2019 के दोपहर 1:30 बजे गिरफ्तार कर सीजीएम न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां आरोपियों को रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। दोनों ही मामलों के शेष फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

## सूदखोरी की शिकायत पर कर्जा एक्ट एवं भयादोहन का अपराध दर्ज




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** शिकायतकर्ता नितेश अग्रवाल पिता वासुदेव अग्रवाल उम्र 45 वर्ष निवासी कार्मेल स्कूल ढीमरापुर रोड रायगढ, दवा विक्रेता है। शिकायतकर्ता के आवेदन के अनुसार अनावेदक नितीन अग्रवाल निवास रामभाठा रोड प्रतिष्ठा अपार्टमेन्ट से वर्ष 2014 -2015 से माह जुन 2018 तक करीब 25,00,000/-रूपये (पच्चीस लाख रूपये) की राशि कई किश्तों में नगद उधार लिया था जिसका 10 से 15 प्रतिशत मासिक ब्याज सूदखोर लेता था। सूदखोर नितीन अग्रवाल के द्वारा प्रत्येक माह इससे एक मोटी रकम लेकर 72,00,000/-रूपये (बहत्तर लाख रूपये) की राशि ब्याज के रूप में प्राप्त का लिया है।

जांच में पाया गया कि अनावेदक नितिन अग्रवाल एवं नवीन अग्रवाल के द्वारा अवैध रूप से सूदखोरी करते हुए आवेदक से 25 लाख रूपय का 72 लाख रूपये ब्याज वसूल कर लेने के बाद 30 लाख रूपये शेष है कहकर रकम वसूलने के लिये आत्महत्या कर लेने की धमकी देने लगे, शिकायत जांच पर अनावेदक नितिन अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल एवं नवीन अग्रवाल पिता सत्यनारायण अग्रवाल के विरूद्ध आज दिनांक को अपराध क्रमांक 943/19 धारा 384, 34 भा0द0वि0, 4 कर्जा एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## महिला से छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोपी पुलिस हिरासत में



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सरिया राइनो द्वारा दिनांक 28.10.19 को बुरी नियत से महिला के घर में घुस रहे आरोपी युवक को पीडिता के गांव से पकड़कर थाने लाया गया है। पीडित महिला ने घटना की रिपोर्ट दिनाँक 28.10.19 को थाना सरिया में दर्ज कराया है, पीडिता ने बताया कि आरोपी राहूल चौहान पिता मिनकेतन चौहान पिछले 06-07 माह से आते-जाते समय छिटाकशी, तानाबाजी और अश्लील हरकतें करता है। पीडिता के घरवाले राहुल के घर जाकर उसे समझाये थे तब कुछ दिनों तक सामान्य था पर उसके 10-15 दिन बाद फिर से अपने तथा अपने तथा अपने रिस्तेदारों से पीडिता के मोबाईल से कॉल करके महिला को परेशान करता और गलत काम के लिये दबाव बनाता। इसी दरम्यान दिनांक 25/09/19 को दोपहर लगभग 02 बजे राहूल चौहान घर घुसकर पीडिता को जान से मारने की धमकी देकर जबरजस्ती दुष्कर्म किया। पीडिता अपने पति को घटना बतायी। आरोपी राहुल इसके पति को शिकायत करने पर परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी देने लगा। तब पीडिता डर भय व लोक लाज से अपने परिवार के साथ परिचित के गांव चली गई, जहां भी आरोपी राहुल चौहान दिनाँक 28.10.19 को आकर पीडिता के घर घुसने की कोशिश कर रहा था जिसकी सूचना परिवार के लोगों ने डॉयल 112 को दी, जिसके बाद डॉयल 112 सरिया राइनो स्टाफ गांव आकर आरोपी राहुल को पकड़कर ईव्हीआर वाहन में थाने लेकर गये। आरोपी के विरूद्ध पीडिता की रिपोर्ट पर थाना सरिया में अप.क्र. 157/19 धारा 354(घ),376, 454, 506 भादंवि दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## गौमाता की सेवा करना जरूरी -उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल







### » गोवर्धन पूजा के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया गौठान उत्सव

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्राम-सरवानी में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के अनुरूप गौठान में पूजा-अर्चना की और गौमाता को भोजन खिलाया। उत्साह एवं उल्लास के साथ परम्परागत विधि-विधान के साथ गौठान में गोवर्धन पूजा धूमधाम से मनाया गया। उच्च शिक्षामंत्री पटेल खरसिया विकासखण्ड के ग्राम-तेन्दूमुड़ी में भी गौठान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि हमारे देश में वेदों में गौमाता की सेवा करने के लिए कहा गया है। अंतिम संस्कार के पश्चात गोदान देने की परम्परा है। गौमाता दूध, गोबर के अलावा बहुत से मूल्यवान उपहार देती है। उन्होंने कहा कि शासन की गौठान योजना अत्यंत लाभकारी है। महिला स्व-सहायता समूह के माध्यम से गोबर के दिये भी बनाये जा रहे है। वहीं गोबर से जैविक खाद भी बनाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामवासियों को गोबर के दिये बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि गौठान समिति का इन सब कार्य में विशेष योगदान है। ग्रामवासियों से उन्होंने गौठान के ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि शासन की नरवा, गरूवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह योजना गांवों के उन्नति की दिशा में सशक्त कदम है। सभी ग्रामवासी इन लोकहितैषी योजनाओं से फायदा लें। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार, सरपंच श्रीमती उमा पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## भरत कूप पर लगा अन्नकूट का भंडारा, सैकड़ों ने ग्रहण किया प्रसाद



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** नगर के सत्तीगुड़ी चौक स्थित एतिहासिक भरत कूप महादेव मंदिर प्रांगण मे पंचपर्व दीपावली के चौथे दिवस गोवर्धन पूजा के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया।भरत कूप महादेव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान मे आयोजित इस अन्नकूट महोत्सव मे सैकडों श्रद्धालुओं ने स्वादिष्ट भोजन प्रसाद ग्रहण किया। धर्म व संस्कृति की नगरी मे गोवर्धन पूजा के दिन कई स्थानों पर धार्मिक व सामाजिक ईकाइयों के द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन करने की परंपरा है , जिसमे शहर भर के लोग शामिल होकर प्रसाद प्राप्त करते हैं। इस परंपरा का निर्वहन भरत कूप महादेव मंदिर सेवा समिति के द्वारा भी पूर्ण श्रद्धा व तत्परता के साथ प्रतिवर्ष किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480